टी०ए० मिस केस सं० 205/2020—21

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
11/2020	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **1. तुलाराम निषाद** पिता– **स्व० लछुमन मल्लाह 2. सोनु निषाद** पिता – **स्व० पुरन निषाद** ग्राम– **कोकचो**, थाना– **मंझारी**, जिला– **पश्चिमी सिंहभूम** चाईबासा ने **मौजा– कोकचो, थाना नं०– 142, खाता नं०– 523, प्लॉट नं०– 4902**, रकवा– **0.12 एकड़** भूमि क्रेता **श्री मितन राम निषाद**, पिता/पति–**स्व० चन्द्रमोहन निषाद**, ग्राम–**कोकचो**, थाना–**मंझारी**, जिला **प० सिंहभूम** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) परन्तुक(बी) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। **अंचल अधिकारी, तांतनगर** से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेजो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक स्वयं के नाम पर हालसर्वे खातियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्वक दखल है।** अंचल अधिकारी, **तांतनगर** का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– **305** दिनांक **04.11.2020** द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि चिकित्सा हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **श्री मितन राम निषाद**, पिता/पति–**स्व० चन्द्रमोहन निषाद** ग्राम– **कोकचो**, थाना–**मंझारी**, जिला प० सिंहभूम के पास बिक्री करना चाहते हैं। किसी को किसी प्रकार का आपत्ति नहीं है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों **मंझारी थाना** के निवासी है। उक्त दोनों **पिछड़ी जाति** के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **0.28 एकड़** भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति पर्याप्त है। अतः **संबंधित राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/अंचल अधिकारी, तांतनगर** एवं **ग्रामीण मुण्डा** के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **1. तुलाराम निषाद** पिता– **स्व० लछुमन मल्लाह 2.सोनु निषाद** पिता –**स्व० पुरन निषाद** ग्राम– **कोकचो**, थाना–**मंझारी**, जिला पं० सिंहभूम ने क्रेता **श्री मितन राम निषाद**, पिता/पति–**स्व० चन्द्रमोहन निषाद**, ग्राम– **कोकचो**, थाना–मंझारी, जिला **पं० सिंहभूम** के पास **2,00,000.00** (दो लाख) रूपया में **मौजा– कोकचो, थाना नं०– 142, खाता नं०– 523, प्लॉट नं०– 4902**, रकवा– **0.12 एकड़** भूमि को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) परन्तुक(बी) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ...अनुमति... दी जाती है। लेखापित (हस्ताक्षर) भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। (हस्ताक्षर) 10/11/2020 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा	

/Ranjeet All Work:// 1 TA MISS ORDER